# ओम प्रकाश बांसल स्कूल में प्रकाश पादुकोण रेजिडेंशियल बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ




प्रकाश पादुकोण रेजिडेंशियल बैडमिंटन अकादमी का भव्य शुभारंभ करते अधिकारी।

**सवेरा न्यूज/रामचेत/लक्की (मण्डी गोबिंदगढ़)**: ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में खेल प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयां प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रकाश पादुकोण रेजिडेंशियल बैडमिंटन अकादमी का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस. जीवनजोत सिंह तेजा, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं निदेशक (प्रशिक्षण), पंजाब खेल विभाग तथा प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के प्रतिनिधियों के साथ नीना बांसल व सलोनी बांसल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात आयोजित प्रदर्शनी बैडमिंटन मैच ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। प्रधानाचार्या संगीता शर्मा ने कहा कि आज का दिन ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक है। प्रकाश पादुकोण रेजिडेंशियल बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ हमारे विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।

C M Y K

पंजाब केसरी
TUE,28 JULY 2026
EDITION: PATIALA KESARI, PAGE NO. 1

# ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में प्रख्यात प्रकाश पादुकोण रैजिडैंशियल बैडमिंटन अकादमी का भव्य शुभारंभ



*प्रकाश पादुकोण रैजिडैंशियल बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ करते हुए प्रिंसीपल संगीता शर्मा व अन्य। (सुरेश)*

मंडी गोबिंदगढ़, 27 जुलाई (सुरेश): ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में खेल प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयां प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रकाश पादुकोण रैजिडैंशियल बैडमिंटन अकादमी का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यातिथि एस. जीवनजोत सिंह तेजा, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं निदेशक (प्रशिक्षण), पंजाब खेल विभाग तथा प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के प्रतिनिधियों के साथ नीना बांसल व सलोनी बांसल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अकादमी के उद्घाटन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में गणयमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरन्तर अभ्यास और खेल भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात आयोजित प्रदर्शनी बैडमिंटन मैच ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। प्रतिष्ठित सहयोग के माध्यम से उभरते बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धति, आवासीय सुविधाएं तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्राप्त होंगे। स्कूल प्रबंधन के दूरदर्शी नेतृत्व एवं निरन्तर सहयोग के प्रति स्कूल परिवार ने आभार व्यक्त किया।

स्कूल प्रिंसीपल संगीता शर्मा ने कहा कि आज का दिन स्कूल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक है। प्रकाश पादुकोण रैजीडैंशियल बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। स्कूल का उद्देश्य केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना नहीं, बल्कि अनुशासित, दृढ़ निश्चयी और आत्मविश्वासी युवा तैयार करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शटलर कठिन परिश्रम, समर्पण और खेल भावना के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने इस महान पहल के लिए स्कूल प्रबंधन, प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी तथा सभी सहयोगियों का हृदय से, आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का समापन गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जो युवा खिलाड़ियों के ऊंचे सपनों, आकांक्षाओं और असीम संभावनाओं का प्रतीक रहा।